

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप

भूरसा तरहुल क्रिकेट में बरहेली बनी विजेता



दुर्गूकोंदल। भूरसा तरहुल में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित छह दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 48 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में बरहेली ने करमोती को हराकर खिताब अपने नाम किया। बरहेली ने तीन ओवर में 27 रन बनाए, जबकि करमोती की टीम 16 रन ही बना सकी। विजेता को 20 हजार एक रुपये व ट्रॉफी, उपविजेता को 11 हजार एक रुपये मिले। जनपद सदस्य सुलोचना कोरेटी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल भी करियर बनाने का बेहतर माध्यम है।

मेड़ो स्कूल में हुई चित्रकला व वाद-विवाद प्रतियोगिता



दुर्गूकोंदल। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शाउमा विद्यालय मेड़ो में चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चित्रों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने चार्ट पेपर पर स्वच्छता से जुड़े विभिन्न संदेश उकेरे। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छ वातावरण और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार रखे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदत विकसित करने के साथ उन्हें अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना रहा। गोयल ग्रुप के उप प्रबंधक अंकुर गोयल ने बताया कि बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए यह पहल की गई है। संस्थान द्वारा आगामी 17 अक्टूबर तक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव ने गोयल ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में सहायक हैं।

विज्ञान और संस्कृति से रूबरू हुए जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पीएमश्री योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय करप के कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र विज्ञान और संस्कृति से रूबरू हुए।

शैक्षणिक भ्रमण दल सुबह विद्यालय से रवाना हुआ और दोपहर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर पहुंचा। यहां भौतिकी विभाग में आयोजित लाइव प्लाज्मा प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्लाज्मा तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और उसके व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्लाज्मा टॉर्च, ग्लोइंग डिस्चार्ज, मैग्लेव ट्रेन, न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर मॉडल, प्लाज्मा कन्फाइनमेंट और विग्लर सहित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया। प्लाज्मा के माध्यम से विद्युत चमक उत्पन्न करने तथा परमाणु संलयन रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया से जुड़े प्रदर्शनों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान विभाग का भ्रमण किया, जहां प्रदूषण की जांच में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों और चारकोल से संबंधित प्रयोगों की जानकारी प्राप्त की। वर्चुअल रियलिटी कक्ष में विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक का अनुभव भी लिया। इन गतिविधियों से उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित हो रही नई संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।

दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया



सराहनी भूमिका रही

विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार बिसेन ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को प्रत्यक्ष अनुभवों से जोड़ने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भ्रमण दल शाम नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन पहुंचा। यहां विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और विशेष रूप से बस्तर की पारंपरिक जीवनशैली, लोककला एवं लोकपरंपराओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक झोपड़ियों, मंदिरों, प्राचीन मूर्तियों और बस्तरिया कलाकृतियों को देखा। इसके साथ ही फुगड़ी और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों तथा गेड़ी और रेला नृत्य जैसी लोकविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की देखरेख और मार्गदर्शन के लिए विद्यालय के आठ शिक्षक-शिक्षिकाएं सूरजमल बैरवा, राजेश कुमार, नवीन जैन, महावीर सामरिया, शीतल पटेल, श्रुतिलिपि, ममता पात्रा और मधुलिका शामिल रहे।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल कांकेर में हुआ आयोजन

रंगोली व नाटक में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



मानसिक स्वास्थ्य भी स्वस्थ जीवन का अभिन्न हिस्सा है। मानसिक परेशानी को छिपाने या उसे लेकर भेदभाव करने के बजाय समय पर सहायता और उचित उपचार लेना जरूरी है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय चि कि त सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला अस्पताल कोमल देव में रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

- रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर को मिला प्रथम पुरस्कार

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मानसिक बीमारियों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से मानसिक परेशानियों और मानसिक रोगों की पहचान, समय पर परामर्श लेने तथा जरूरतमंद लोगों को उचित उपचार उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से यह समझाने का प्रयास किया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में प्रभावित व्यक्ति को सहयोग देना और विशेषज्ञों से सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर कांकेर और कालेन्दरी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को सामने रखा। प्रतियोगिता में शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर साइकियाट्रिक नर्सिंग ऑफिसर आशीष जैन, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट उमाशंकर सोनकर, काउंसलर गार्गी वर्मा, डुमेश्वरी सिन्हा, दीक्षा साहू एवं योगेश ध्रुव का योगदान रहा। इस अवसर पर जिला अस्पताल कांकेर की मेट्रोन सिस्टर पुष्पलता कावाची तथा शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्राचार्य सुशीला जैन सहित ट्रेनिंग सेंटर के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मानसिक बीमारियों को लेकर भ्रांतियां दूर करने पर जोर

प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा मानसिक परेशानी से जूझ रहे लोगों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। आयोजकों ने संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी शारीरिक स्वास्थ्य जितनी ही महत्वपूर्ण है। मानसिक परेशानी होने पर समय पर सहायता लेना और विशेषज्ञों से परामर्श करना जरूरी है। जागरूकता, सहयोग और उचित उपचार के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने में मदद मिल सकती है।

नवरात्रि पर करें योग, प्राणायाम ध्यान व आत्मसंयम की साधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं नशामुक्ति अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नवरात्र व्रत के दौरान योग, प्राणायाम, ध्यान और आत्मसंयम के महत्व की जानकारी दी और साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नवरात्र केवल पूजा-पाठ और व्रत का पर्व नहीं, बल्कि आत्मसंयम, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का अवसर भी है। योग शरीर, श्वास और मन के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक है। नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता बढ़ाने, मानसिक शांति बनाए रखने और दिनचर्या को अनुशासित बनाने में मदद मिलती है। विद्यार्थियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान के महत्व से अवगत कराया और साथ ही व्रत के दौरान शरीर की क्षमता के अनुसार हल्का योगाभ्यास करने तथा कमजोरी, चक्कर या अत्यधिक थकान होने पर अभ्यास रोकने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, तनाव की स्थिति में उचित सहायता लेने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। योग, ध्यान और आत्मसंयम को दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन नशामुक्ति जागरूकता भजन 'नशा न करना, मान लो कहना मेरे भाई-बहना' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उदे राम भुआर्य, सबल दीवान, विनोद साहू, बृजेश साहू, रामनाथ गोटा, सुरेंद्र उइके, ममता रावटे, अनिल वर्मा, आत्मा राम तारमे एवं भुनेश उसेंडी उपस्थित रहे।

सीएम के आदेश के बावजूद 2 साल से जांच है अधूरी, पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

कृषि विभाग में कथित भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच के आदेश जारी होने के बावजूद जांच पूरी नहीं होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परलकोट पत्रकार संघ ने 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत परतापुर के ग्राम महला में आयोजित सेवा सेतु शिविर में शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर लंबित जांच जल्द पूरी करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। परलकोट पत्रकार संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार वर्ष 2025 में तत्कालीन कृषि विकास विस्तार अधिकारी मनोज सरकार के खिलाफ खाद, बीज, उर्वरक और कीटनाशक के नाम पर कथित अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने संयुक्त संचालक कृषि, बस्तर संभाग, जगदलपुर को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। संघ का कहना है कि आदेश जारी होने के बावजूद अब तक जांच पूरी नहीं हुई है। मामले की स्थिति जानने के लिए पत्रकार संघ ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत जांच प्रतिवेदन की जानकारी मांगी थी। इस पर सहायक संचालक कृषि, बस्तर संभाग की ओर से लिखित जवाब दिया गया कि जांच प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। जांच लंबित रहने को लेकर पत्रकार संघ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश के बाद भी मामले का निराकरण नहीं होना गंभीर विषय है। संघ ने मांग की है कि जांच में देरी के लिए जिम्मेदार जांच दल के सदस्यों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा शिकायत से जुड़े सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कर जल्द प्रतिवेदन तैयार किया जाए। परलकोट पत्रकार संघ ने ज्ञापन के माध्यम से लंबित जांच शीघ्र पूरी करने, संबंधित मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने और कार्रवाई की एक प्रति संघ को देने की मांग की है। ज्ञापन के साथ आरटीआई से प्राप्त जवाब, पूर्व में की गई शिकायत तथा समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की छायाप्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

पत्नी एवं बच्चे से मिलाने चारामा लाया, फिर किया घातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पत्नी और बच्चे से मिलाने का भरोसा दिलाकर एक व्यक्ति को दूसरे स्थान पर बुलाना और फिर उसके साथ गाली-गलौज कर जानलेवा धमकी देने तथा नुकीली वस्तु से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार धमतरी जिले के दानीटोला निवासी रामदयाल ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे ग्राम गंगरेल निवासी चंदन निषाद उसके घर पहुंचा था। चंदन ने रामदयाल से कहा कि उसकी पत्नी और बच्चा चारामा में हैं और वह उसे उनसे मिलवा देगा। पत्नी और बच्चे से मुलाकात कराने की बात कहकर वह रामदयाल को अपने साथ चारामा ले आया। दोनों जब चारामा में प्रवीण चौहान की मुर्गी दुकान के पास पहुंचे, तभी चंदन निषाद ने शिकायकर्ता रामदयाल के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद के दौरान उसने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी और किसी नुकीली वस्तु से उस पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता ने हमले को रोकने का प्रयास किया, लेकिन नुकीली वस्तु उसके बाएं हाथ में कोहनी के ऊपर लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित ने चारामा थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी चंदन निषाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(1), 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पदोन्नति व स्थानांतरण के बाद लोनिवि में हुआ विदाई समारोह



भानुप्रतापपुर। लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदोन्नति और स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सौहार्द के साथ एक-दूसरे के साथ बिताए कार्यकाल की यादें साझा की। विभाग में हुए स्थानांतरण एवं पदोन्नति के तहत कई अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें बीके गोठी का कार्यपालन अभियंता के रूप में भानुप्रतापपुर में पदस्थ होना, एके मिलिंद का दरभा-जगदलपुर, एसके गणवीर का रायपुर तथा नितिन शिवहरे का पदोन्नति के बाद एसडीओ के रूप में दंतेवाड़ा में पदस्थ होना शामिल है। इसी क्रम में विकास देहरी का एडीएम नारायणपुर, पुरुषोत्तम साहू का ट्रेसर के पद पर नारायणपुर तथा वी.के. बांगर का एसडीओ के रूप में पखांजूर में स्थानांतरण हुआ है। कार्यक्रम में उप अभियंता एमएम नवाज, श्रवण मरकाम, अमित भारद्वाज, एनएस कोमरा एवं गजेन्द्र कोरेटी सहित विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभागीय कर्मचारियों में कृष्णा पटेल एवं पीताम्बर राणा, रवि उइके एवं रूपा कुपाल, मंजू दर्रो, सुनील कंवर, इतवारी राम कंवर, फूलचंद उइके, शेषनारायण सोनी एवं बिप्लब डे सहित अन्य कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहें। समारोह के दौरान स्थानांतरित एवं पदोन्नत अधिकारियों-कर्मचारियों के विभाग में दिए गए योगदान को याद किया गया।

पेज 03 के शेष...

नशे में धुत व्यक्ति ने...

सोनसाय अपनी पत्नी के साथ विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद मारपीट और धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। यह देखकर किसान ने दोनों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने का प्रयास किया।

दो बाइक की भिड़ंत ...

के मुताबिक, दोनों बाइकों की टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हादसे की गंभीरता को देखते हुए घायल रोजगार सहायक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज शुरू किया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी रही। आखिरकार उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रोजगार सहायक की मौत की खबर से उनके परिजनों और परिचितों में शोक छा गया।

योग्य जीवन साथी से

चयन, परिवारों के बीच बेहतर संवाद और वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान यह संदेश उभरा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, संस्कारों और भावनाओं का मिलन है। विश्वास, सम्मान, सहिष्णुता और आपसी समझ से ही रिश्तों को मजबूत बनाया जा सकता है।

बंजारी मां मंदिर में आज ज्योति कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

क्वांर नवरात्रि को लेकर दुर्गूकोंदल क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। मां बंजारी माता मंदिर पल्लामारी में आज रविवार 11 अक्टूबर को ज्योति कलश स्थापना के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ होगा। मंदिर परिसर की साफ-सफाई और सजावट की जा रही है। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

दुर्गूकोंदल में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूजा पंडालों को फूलों, रंगोली और विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप देने की तैयारी है। नवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजन समितियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। मंदिरों और पूजा पंडालों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बनने की उम्मीद है।

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202608140100013/अ-21(2) 2025-26
ग्राम- कन्हारगांव प.ह.नं. 05 भानुप्रतापपुर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कन्हारगांव के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर माहेश्वरी पिता कन्हैया लाल जाति माहेश्वरी निवासी मकान नम्बर 100 कर्मचारी कॉलोनी कन्हारगांव तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम कन्हारगांव स्थित आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 6/20 रकबा 0.0200 हेक्टर परिवर्तित लगान 3.25 रूपये की भूमि को अपनी स्वेच्छा से बिना कोई प्रतिफल प्राप्त किये अपने सगे पुत्र ललित गांधी पिता शंकर गांधी, मनीष गांधी पिता शंकर गांधी दोनो जाति माहेश्वरी निवासी मकान नम्बर 100 कर्मचारी कालोनी कन्हारगांव तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास दान करने हेतु सहमत होकर कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को अनावेदकगण के पक्ष में दान करने की अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 22/10/2026 तक पेश कर सकते हैं नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

मुहर

खनिज न्यास निधि से आमागढ़ को मिली पानी टैंकर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



पेयजल की समस्या को देखते हुए ग्राम आमागढ़ को खनिज न्यास निधि से पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया है। टैंकर मिलने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस सुविधा के लिए भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों के अनुसार, गर्मी के दिनों में गांव में पानी की उपलब्धता को लेकर परेशानी होती है। ऐसे में पानी टैंकर मिलने से जरूरत के अनुसार गांव के विभिन्न हिस्सों तक पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे पेयजल सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था करने में सुविधा होगी। ग्राम आमागढ़ के ग्रामीण प्रितम मांझी, डिकेश्वर शर्मा, मनीष नरेटी, डोमेश विश्वकर्मा और ललेश उइके सहित युवा शक्ति संगठन के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने विधायक सावित्री मंडावी का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि पानी टैंकर गांव की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने की दिशा में उपयोगी साबित होगा। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक स्व मनोज सिंह मंडावी के गांव से जुड़ाव को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भी गांव के विकास और ग्रामीणों की आवश्यकताओं को लेकर प्रयास किए जाते रहे हैं। पानी टैंकर को गांव तक पहुंचाने के दौरान पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोप सिंह आंचला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नेता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी गांव की पेयजल सहित अन्य मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी रहेंगे।



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

02 रंगोली व नाटक में मानसिक स्वास्थ्य...



04 शारदीय नवरात्रि में माँ दुर्गा का हाथी पर आगमन...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

खबर संक्षेप

पंचायत सचिव भर्ती की मेरिट सूची जारी

कांकेर। जिले में ग्राम पंचायत सचिव के 27 पदों पर भर्ती के लिए संशोधित मेरिट सूची, वर्गवार अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। 8 अक्टूबर को आईटीआई माकड़ी में आयोजित कौशल परीक्षा के बाद 9 अक्टूबर को अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का पुनः सत्यापन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन के बाद संशोधित सूची जारी की गई है। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे।

हादसा : घायल का उपचार के दौरान अस्पताल में मौत

दो बाइक की भिड़ंत में रोजगार सहायक की मौत, फरार दूसरे चालक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

प्रतिदिन की तरह पंचायत में अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे रोजगार सहायक मनोज धनकर को शायद अंदाजा भी नहीं था कि रास्ते में हुआ एक सड़क हादसा उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। छोटेबेठिया थाना से कुछ ही दूरी पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में गंभीर रूप से घायल रोजगार सहायक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रोजगार सहायक मनोज धनकर ताड़वायली ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ थे। वे पंचायत से अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद शुक्रवार 9 अक्टूबर को दोपहर बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान छोटेबेठिया थाना से कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। अचानक हुई इस टक्कर में मनोज धनकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष जानकारी ⏭शेष पेज 02 पर

- छोटेबेठिया थाना के पास हुआ हादसा, इलाज के दौरान तोड़ा दम



हादसे के बाद दूसरा बाइक चालक फरार

सड़क दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर छोटेबेठिया थाना पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच शुरू की। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही फरार बाइक चालक की तलाश की जा रही है। हादसा किस परिस्थिति में हुआ, दोनों बाइक किस गति से चल रही थीं और टक्कर के पीछे क्या वजह रही, इन बिंदुओं की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों को जुटाकर आगे की कार्रवाई में लगी है।

पीएम के बाद परिजनों को सौंपा शव

छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल रोजगार सहायक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस को खबर मिलते ही मौके पर पहुँच गई थी और इलाज के दौरान मौत हो जाने पर परिजनों की उपस्थिति में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है।

पंचायत विभाग और गांव में शोक की लहर

रोजगार सहायक मनोज धनकर की असामयिक मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के लिए यह क्षति अपूरणीय है। ताड़वायली ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत रोजगार सहायक की मौत की खबर से पंचायत विभाग और गांव में शोक का माहौल है। सहकर्मियों और परिचितों के बीच भी इस घटना को लेकर दुःख व्याप्त है।

नशे में धुत व्यक्ति ने किया विवाद, दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

देवी कार्यक्रम के बाद बचा हुआ भोजन खिलाने के लिए आमंत्रित करना एक किसान को भारी पड़ गया। जिस व्यक्ति को किसान ने परिवार सहित भोजन करने के लिए बुलाया था, उसी ने कथित तौर पर शराब के नशे में पहले अपनी पत्नी के साथ विवाद करते हुए मारपीट और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। विवाद शांत कराने के लिए किसान बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी ने उसी को निशाना बना लिया। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में किसान घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार पीड़ित किसान अपने खेत में खेती-किसानी का काम करता है। उसने अपने खेत के कोठार में देवी कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें ग्रामवासियों को आमंत्रित कर भोजन कराया गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुछ भोजन बच गया था। इसी दौरान किसान की मुलाकात सोनसाय सलाम से हुई। किसान ने उसे बचे हुए भोजन की जानकारी देते हुए परिवार सहित भोजन करने के लिए आमंत्रित किया। बताया गया कि रात करीब 10 बजे सोनसाय अपनी पत्नी के साथ खेत के कोठार में पहुंचा। किसान ने उन्हें हाथ धोकर भोजन करने के लिए बैठने को कहा। इसी बीच शराब के नशे में ⏭शेष पेज 02 पर



बीच-बचाव करना पड़ा भारी

आरोप है कि पत्नी के साथ हो रहे विवाद में हस्तक्षेप करने से नाराज सोनसाय ने किसान के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले में किसान को चोट आई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी सोनसाय सलाम के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

विज्ञान संगोष्ठी में खिलेश एवं डिकेश्वरी ने मारी बाजी, राज्य स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

देश के भविष्य की ऊर्जा जरूरतों, संभावनाओं और चुनौतियों को समझने के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से डाइट कांकेर में जोन स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कांकेर, नारायणपुर और धमतरी जिले के चयनित विद्यार्थियों ने चार्ट, कैलेंडर और पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में कांकेर जिले के खिलेश साहू ने प्रथम और डिकेश्वरी उइके ने द्वितीय स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। दोनों विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ कांकेर जोन प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर और डाइट कांकेर के व्याख्याता जनक सिन्हा ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

इस वर्ष संगोष्ठी का विषय भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां' रखा गया था। प्रतियोगिता में कांकेर, नारायणपुर और धमतरी जिले के दो-दो चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों, भविष्य की जरूरतों और उपलब्ध संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मैनपुर के कक्षा आठवीं के विद्यार्थी खिलेश कुमार साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सेजेस हल्बा की कक्षा नवमीं की छात्रा डिकेश्वरी उइके द्वितीय स्थान पर रहीं।

धमतरी जिले से सौम्या साहू और सेजल साहू तथा नारायणपुर जिले से राजूराम मंडावी और देवेंद्र कुमार मंडावी ने भी प्रतियोगिता में सहभागिता निभाई। दोनों चयनित विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, डाइट प्राचार्य आनंद गुप्ता, चारामा बीईओ केशव राम साहू, बीआरसी कृष्ण कुमार गंजीर, सेजेस हल्बा के प्राचार्य अमित सक्सेना तथा संबंधित शिक्षकों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



निर्णायकों की मौजूदगी में मिला सम्मान

प्रतियोगिता के निर्णायक व्याख्याता रुखमणि छाटा, कीर्ति सागर पटेल और दिनेश सिन्हा थे। पंजीयन प्रभारी चंद्रशेखर महलवार रहे। कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षक आशुतोष तिवारी, नेहा शर्मा, नम्रता देशमुख, कोमल राम साहू, संजय साहू, निकिता देवांगन और दिनेश देवांगन उपस्थित थे। डाइट के सहायक प्राध्यापक धनराज टांडिया, दिनेश कुमार साहू और एसएस सिंह की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।



महाराष्ट्र से कांकेर पहुँचे अमर गांधी ने समाजजन को दिया मार्गदर्शन

योग्य जीवन साथी से पारिवारिक मूल्यों की होती है स्थापना : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बदलते सामाजिक परिवेश में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी का चयन, परिवारों के बीच सामंजस्य और वैवाहिक जीवन की चुनौतियां महत्वपूर्ण विषय बनते जा रहे हैं। इन मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने और सामूहिक चिंतन के माध्यम से सकारात्मक समाधान तलाशने के उद्देश्य से भारतीय जैन संघटना कांकेर इकाई ने मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को मांझापारा स्थित राजस्थानी समाज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपसी समझ, विश्वास, पारस्परिक सम्मान और सामाजिक सहभागिता को सुखी पारिवारिक जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र से पहुंचे मुख्य वक्ता अमर गांधी ने विवाह और पारिवारिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने पारस्परिक समझ, उचित निर्णय, सकारात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समाजजनों का मार्गदर्शन किया। मंथन के दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए योग्य जीवनसाथी के ⏭शेष पेज 02 पर

- वैचारीक सामंजस्य पर हुआ मंथन, सामाजिक सहयोग से समाधान तलाशने पर जोर



शुभारंभ पर प्रस्तुत किया मंगलाचरण

आयोजित मंथन कार्यक्रम का शुभारंभ के अवसर पर मोनिका राकेश चोपड़ा द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन की विधिवत शुरुआत किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने अक्षत, पुष्प और श्रीफल भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया, वहीं महिलाओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

अतिथियों का आभार किया व्यक्त

समापन अवसर पर अन्नपूर्णा चोपड़ा की स्वरचित पुस्तक 'पंद्रह तिथि साधना संग्रह' की प्रतियां मयंक चोपड़ा और नरेश चोपड़ा के माध्यम से तीनों अतिथियों को भेंट की गईं। जैन श्री संघ कांकेर के अध्यक्ष देवेंद्र गोलछा ने अतिथियों और समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय जैन संघटना की ओर से प्रमोद चोपड़ा ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जैन संघटना कांकेर इकाई के अध्यक्ष अमित कुमार चोपड़ा और महिला शाखा की अध्यक्षा पूजा चोपड़ा ने किया।

खबर संक्षेप

अधेड़ की अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत व्यासकोंगेरा निवासी 52 वर्षीय सुरेश उसेंडी पिता छोटूराम का 9 अक्टूबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को मृत अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

बाइक से गिरकर महिला की मौत, मामला दर्ज

कांकेर। कोरर क्षेत्र के जंजालीपारा के पास 8 अक्टूबर को सड़क हादसे में 35 वर्षीय सत्ती देवी नागेश की मौत हो गई। वह पति गणेश नागेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 05 एबी 6373 से घर लौट रही थी। सड़क पर गड्ढे और तेज गति से बाइक चलाने के कारण वह सड़क पर गिर गई, जिससे उसके सिर, चेहरे और नाक में चोट आई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

बस्तर ओलंपिक के लिए होगा पंजीयन 30 तक



दुर्गूकोंदल। बस्तर ओलंपिक 2026 में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड दुर्गूकोंदल में तैयारियां शुरू हो गई हैं। 9 अक्टूबर को सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी की अध्यक्षता में व्यायाम शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें खिलाड़ियों के पंजीयन और भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में हिस्सा ले सकेंगे। ऑनलाइन पंजीयन 1 से 30 अक्टूबर तक होगा।

शारदीय नवरात्रि में माँ दुर्गा का हाथी पर आगमन व मुर्गे पर निर्गमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हिंदू धर्म में महापर्व नवरात्रि का विशेष आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व है। जगत जननी मां शक्ति की उपासना का यह नौ दिवसीय उत्सव श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होते हैं। इस वर्ष इस पावन पर्व की शुरुआत आज 11 अक्टूबर से हो रही है। मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी लोक पर पधारती हैं और अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाती हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान की सवारी दिन और वार के अनुसार तय होती है। देवी की यह सवारियां देश-दुनिया, वातावरण और जनमानस के भविष्य का संकेत देती हैं। इस बार मां दुर्गा हाथी (गज) पर सवार होकर आ रही हैं। शास्त्रों में हाथी पर माता का आगमन अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना गया है। यह देश में सुख-समृद्धि, धन-धान्य की वृद्धि और उत्तम वर्षा का प्रतीक है। वहीं नौ दिनों की पूजा-अर्चना के बाद माता का प्रस्थान मुर्गे (चरणायुध) पर होगा। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से मुर्गे की सवारी जनमानस में सजगता, सतर्कता और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलावों की ओर इशारा करती है। पूरे नौ दिनों तक भक्त मां के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

आज से शुरू होगी नवरात्रि और 20 को समापन

मुर्गा अर्थात चरणायुध यानी समर्पण

इस बार शारदीय नवरात्रि का समापन 20 अक्टूबर मंगलवार को हो रहा है। ग्रंथों में मंगलवार और शनिवार को मां दुर्गा का प्रस्थान वाहन चरणायुध बताया गया है। चरणायुध का अर्थ मुर्गे से जोड़ा जाता है। मुर्गे पर माता रानी का गमन शुभ नहीं माना जाता है। इस वाहन को जनमानस में सजगता, सतर्कता और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलावों, प्राकृतिक आपदाओं, आपसी कलह, शोक और अशांति की ओर इशारा करती है।



मां दुर्गा की हाथी पर सवार धन-धान्य में वृद्धि का संकेत

इस बार नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहे हैं, इसलिए मां दुर्गा गज (हाथी) पर सवार होकर आएंगी। ज्योतिष शास्त्र में माता रानी का हाथी पर आगमन अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना जाता है। हाथी को सुख-शांति, समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इससे धन-धान्य में वृद्धि होती है और आर्थिक तंगी दूर होती है। जीवन में सुख-शांति और खुशहाली आती है। लोगों का मानसिक तनाव दूर होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

निर्वाचन : एसडीएम ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर तैयार की रणनीति

भानुप्रतापपुर विधानसभा के 270 मतदान केंद्रों के घर-घर का बीएलओ करेंगे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक नाम जुड़वाने से वंचित न रहे, इसके लिए निर्वाचन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है।

- भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान

अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सर्वे करेंगे। विवाह के बाद क्षेत्र में आईं महिलाओं, अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाए पात्र नागरिकों और नए युवा मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक दलों की बैठक लेकर एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) अनिकेत अशोक फाडतरे ने सभी दलों से अभियान में सहयोग करने की अपील की।

विशेष शिविरों का आयोजन 5 नवंबर तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार तहसील सभाकक्ष भानुप्रतापपुर में आयोजित बैठक में एसडीएम अनिकेत अशोक फाडतरे ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ एक माह तक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे।



विधानसभा क्षेत्र के सभी 270 मतदान केंद्रों में 270 बीएलओ और 27 सुपरवाइजर इस कार्य में लगे हैं। इनमें भानुप्रतापपुर तहसील के 102, दुर्गुकोंदल के 62 और चारामा तहसील के 106 बीएलओ शामिल हैं। सर्वे के दौरान पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

विशेष अभियान के तहत एसआईआर में छूटे ऐसे मतदाताओं का भी सत्यापन किया जाएगा, जो वर्तमान में संबंधित मतदान केंद्र के क्षेत्र में निवासरत हैं। सत्यापन के बाद नियमानुसार उनके नाम सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल-कॉलेजों में भी लगेंगे शिविर

युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए विधानसभा क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई में भी विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि आगामी 1 जनवरी 2027 को 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी करने वाले विद्यार्थियों से भी नियमानुसार आवेदन लिए जाएंगे। सभी स्कूलों में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) का गठन किया जा चुका है। मतदान केंद्रों पर प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 5 नवंबर तक चलेगा।

राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने दलों के नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान की जानकारी दें। यदि किसी के संज्ञान में पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने का मामला आता है, तो इसकी सूचना तत्काल बीएलए या बीएलओ को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कुलदीप ठाकुर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर सहित भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और शिवसेना के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पर्यावास अधिकार जागरूकता के लिए 13 गांवों में हुईं बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

नरहरपुर तहसील के 13 गांवों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के पर्यावास अधिकारों की मान्यता के लिए जागरूकता बैठकें आयोजित की गईं। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 के तहत आयोजित इन बैठकों में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। यह पहल आदिवासी विकास विभाग की वन अधिकार शाखा, जिला समन्वयक वन अधिकार प्रकोष्ठ और नवोदित समाज सेवी संस्था के संयुक्त प्रयास से की गई। बैठकों में ग्रामीणों को पर्यावास अधिकारों के महत्व से अवगत कराते हुए अपनी पारंपरिक संस्कृति, रीति-रिवाज और जीवन-पद्धति के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की गई। बैठकों में वन अधिकार अधिनियम की धारा 3 (1) (ङ) के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों और पूर्व-कृषि समुदायों को मिलने वाले पर्यावास संबंधी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि पर्यावास अधिकार केवल भूमि तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनमें समुदाय की पारंपरिक सीमाओं, सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान, रीति-रिवाजों और आजीविका से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। इस दौरान पारंपरिक देवी-देवताओं के स्थल, श्मशान, निस्तार के जंगल, प्राकृतिक संसाधनों और परंपरागत जीवन-पद्धति से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण करने की जानकारी दी गई। बैठकों में पर्यावास अधिकारों के लिए दावा तैयार करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज जुटाने, पारंपरिक सीमाओं का नक्शा तैयार करने और ग्राम सभा की भूमिका के बारे में बताया गया।



आजीविका व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जोर

इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और पर्यावास अधिकारों की मान्यता की प्रक्रिया में सहयोग देना है। इसके माध्यम से समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक पहचान, पारंपरिक आजीविका और प्राकृतिक संसाधनों के साथ उनके ऐतिहासिक संबंधों को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

नशामुक्त युवा विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन



कांकेर। माय भारत के तत्वाधान में कांकेर के आईटीआई गर्ल्स कॉलेज में नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। इस दौरान भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया गया। भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मोमेंटो, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। सम्मान मिलने से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ा और उन्हें भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में माय भारत के वॉलंटियर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं, प्रतिभागियों के मार्गदर्शन और जागरूकता गतिविधियों के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया।

सेवा संकल्प अभियान के जिवलामारी शिविर में ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान सु नि श्चि त करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत 10 अक्टूबर को ईरादाह ग्राम पंचायत के ग्राम जिवलामारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीबी की स्क्रीनिंग, एक्स-रे, खून की जांच तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार की पहल पर शिविर आयोजित

स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य केवल बीमारियों की जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी रहा। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर चिकित्सकीय परामर्श और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर जांच कराने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में मदद मिल सकती है। टीबी, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों की समय पर पहचान बेहद जरूरी है। इसके लिए नियमित जांच और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना आवश्यक है। शिविर में अलग-अलग श्रेणियों में की गई जांच से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करने और लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह देने में सहायता मिली। आयोजित शिविर में उपलब्ध कराए गए स्वास्थ्य परीक्षणों के तहत कुल 63 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जबकि 40 लोगों का एक्स-रे किया गया। इसके अलावा 25 लोगों की खून संबंधी जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 16 लोगों को परामर्श दिया गया। वहीं, 60 लोगों की ब्लड प्रेशर एवं शुगर संबंधी जांच की गई।

शिविर में विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त करने का अवसर मिला। विशेष रूप से टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान के लिए स्क्रीनिंग और एक्स-रे महत्वपूर्ण हैं। समय रहते बीमारी का पता चलने पर मरीजों को उचित उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।



शिविर में यह रहे शामिल

आयोजित शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. चामेन्द्र भेड़िया एवं डॉ. सुमत इक्का के अलावा मोहन नेताम, गंगेश्वर प्रजापति, देवेंद्र सोनबोइर, सपन वट्टी, महेश्वर ठाकुर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दिया।

गोटापारा हैंडपंप 1 साल से खराब पानी के लिए एक किमी की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर है। पखांजूर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुरेनार के आश्रित ग्राम गोटापारा में ग्रामीण पिछले एक साल से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार गोटापारा में लगा एकमात्र हैंडपंप पिछले एक साल से खराब पड़ा है। हैंडपंप खराब होने के कारण पारा के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए करीब एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक ग्रामीणों का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था करने में ही बीत जाता है। पीने के लिए दूर से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं नहाने-धोने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए ग्रामीण तालाब के पानी का उपयोग करने को मजबूर हैं। इससे बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। पानी की इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बच्चों को हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से खराब हैंडपंप की मरम्मत कराने की मांग की है। हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गया, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी न तो हैंडपंप सुधारा गया और न ही पेयजल की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। पंचायत की उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराकर स्थायी पेयजल व्यवस्था की जाए। पंचायत सचिव उदय मिस्त्री का कहना है की हैंडपंप सुधारने के लिए पाइप को मंगाया गया है 2 से 3 दिन में बना दिया जाएगा।



सुखई में 23 को अखंड रामायण मानस गान

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम सुखई में 23 अक्टूबर शुक्रवार को चतुर्थ वर्ष अखंड रामायण मानस गान का आयोजन शाम 6 बजे से ग्राम रंगमंच में किया जाएगा। कार्यक्रम में माहुद, रायपुर, छुरा और धमतरी की चार मानस मंडलियां भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी। आयोजन को लेकर ग्रामीण तैयारियों में जुटे हैं। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


लगातार पेट दर्द गांठ या सूजन को नजरअंदाज न करें।
समय पर विशेषज्ञ से मिलें।
देर न करें
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
मस्तिष्क (न्यूरो) विभाग
- सिर की चोट (हेड इंजरी)
- स्पोंडिलाइटिस
- ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
- स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
- स्पाइन ट्यूमर
- स्लिप डिस्क, साइटिका
- लकवा, मिर्गी
- सिर का बडा होना और सिर में पानी भरना (Hydrocephalus)

महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड,तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

इलाज के दौरान युवक की मौत

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत पंडारीपानी निवासी 22 वर्षीय चंदनसिंह पिता अश्वन का इलाज के दौरान मौत हो गया। रायपुर के एम्स अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।


कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

बस्तर के ढोकरा शिल्प को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

जगदलपुर। बस्तर की प्रसिद्ध पारंपरिक ढोकरा (बेलमेटल) कला को अब राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने जा रही है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा देश भर में ट्राइबल आर्टिजन क्लस्टरों को प्रीमियम क्लस्टर के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बस्तर के ढोकरा क्लस्टर चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपरमात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, राहतरीत से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570
Deepak Ad./119/1